दिनांक–21.06.2024 समय–7.10एएम

# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी, भोपाल
# प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर देश भर में कार्यक्रम का आयोजन। प्रधानमंत्री ले रहे हैं श्रीनगर में हिस्सा।
- प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्रीअन्न संवर्धन अभियान की हुई शुरूआत।
- 23 जून से शुरू होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के लिये तैयारियां जारी।
- आईसीसी ट्वेन्टी–ट्वेन्टी क्रिकेट में भारत ने अफगानिस्तान को हराया।

## प्रधानमंत्री–योग दिवस

देशभर में आज 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर से समारोह का नेतृत्व किया। इस इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभी को योग दिवस की शुभकामनाए देते हुए कहा कि पूरी दूनिया में योग करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है और दुनिया के कई देशों में योग दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। उन्होंने बताया कि योग के प्रति धारणए बदल रही हैं और विश्व के कई बड़े संस्थानों में योग पर शोध किये जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय मंत्री प्रतापराव गणपतराव जाधव और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। विदेशों में दूतावास और भारतीय मिशन भी योग के व्यापक प्रभाव को दर्शाते हुए समारोह में शामिल हुए। इस वर्ष का विषय "स्वयं और समाज के लिए योग" है, जो व्यक्तिगत कल्याण और सामाजिक सद्भाव दोनों को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देता है।

## योग दिवस–मुख्यमंत्री

दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज प्रदेश में कई स्थानों पर सामुहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संबोधित किया और श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सामुहिक योगाभ्यास में भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि श्रीअन्न भारत की प्राचीन परम्परा का प्रतिक है।

## योग दिवस–प्रदेश

प्रदेश में आज जिले से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रमों में उप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं राज्य मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। गुना के शासकीय उत्कृश्ट माध्यमिक विद्यालय में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शामिल हुए। मुरैना के एक्सिलेंस स्कूल परिसर में चम्बल संभाग आयुक्त, जिला कलेक्टर सहित कई अधिकारियों ने योग दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ किया और प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सजीव प्रसारण के द्वारा सुना। नर्मदापुरम के सठानी घाट पर जिला कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी कार्यकम में मौजूद थे। पर्यटन स्थल पचमड़ी के धुपगढ़ में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यकम आयोजित किये गए।

आगरमालवा जिले में शैक्षणिक संस्थाओं में सामुहिक योग के कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम नवीन कृषि मंडी परिसर में हुआ। जबलपुर में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इंदौर में जिला विकास खण्ड और पंचायत स्तर पर योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्य आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया जा रहा है। प्रदेश के शाजापुर, देवास, उज्जैन, मंदसौर, धार, निवाड़ी, खरगोर, मंडला, विदिशा सहित सभी जिलों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

<u>राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान</u>

प्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 23 से 25 जून को जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। खंडवा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि 23 जून को पोलियो बूथ पर पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। छूटे हुए बच्चों को 24 व 25 जून को स्वास्थ्य टीम द्वार घर–घर जाकर दवाई पिलाई जायेगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार ने बताया कि अभियान के सुचारू व सफल क्रियान्वयन के लिए जिला व ब्लॉक स्तर पर सूक्ष्म कार्ययोजना बनाई गई है। इसमें ईट भट्टे, निर्माण स्थल, वनग्राम एवं पहुंच विहिन ग्रामों को सम्मिलित किया गया है। खंडवा जिले में 1 लाख 81 हजार 249 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए जिले में 1465 पोलियो बूथ बनाये गये है, जिन पर 2930 वैक्सीनेटर व 145 सुपरवाईजर लगाये गये है। साथ ही जन जागरुकता रैली का आयोजन 22 जून को किया गया है। रैली जिला अस्पताल परिसर से प्रारंभ होगी।

<u>ट्वेन्टी–ट्वेन्टी क्रिकेट वर्ल्ड कप</u>

ट्वेन्टी–ट्वेन्टी क्रिकेट के सुपर–8 मुकाबले में भारत ने अफगानिस्तान को 47 रन से हरा दिया है। एक सौ 82 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में एक सौ 34 रन पर ऑल आउट हो गई। भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने तीन विकेट लिए। सूर्य कुमार यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

सुपर–8 में आज आस्ट्रेलिया का मुकाबला बांग्लादेश से जारी है। दूसरे मुकाबले में, इंग्लैंड का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। यह मुकाबला रात 8 बजे से खेला जाएगा।

समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह ने संभागायुक्त कार्यालय में आबकारी विभाग के अधिकारियों की बैठक में विभागीय कार्यों एवं राजस्व वसूली की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि इन्दौर सहित संभाग के समस्त जिलों में संचालित होने वाले बार निर्धारित समयावधि में संचालित हो।
- नीमच कलेक्टर दिनेश जैन की अध्यक्षता और नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार की उपस्थिति में जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई।
- डिंडोरी कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार 23 जून दिन रविवार को आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 के सुचारू संचालन के लिए कलेक्ट्रेट में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

- खण्डवा में उपसंचालक कृषि के.सी. वास्केल ने बताया कि 8 बीज गोदामों का कृषि एवं बीज प्रमाणीकरण के संयुक्त दल द्वारा गत दिनों निरीक्षण किया गया। जिसमें 8 फर्मों के बीज लायसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए है।
- रायसेन के शासकीय नरापुरा स्कूल में डीपीसी द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। डीपीसी एक दिन के लिए स्कूल के शिक्षक बने और उन्होंने बच्चों को पढ़ाने के साथ साथ बच्चों से सीधा संवाद भी किया।
- मंडला में नगरपालिका परिषद सभाकक्ष में कल आयोजित बैठक में पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने परिषद के कार्यों की समीक्षा की।
- आगरमालवा जिले में कल आयोजित हुए भविष्य से भेंट कार्यक्रम में जिला अधिकारियों ने स्कूलों में पहुंचकर बच्चों से भेंट की और शिक्षक बनकर बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ग्रहण कर जीवन में आगे बढ़ने का पाठ पढ़ाया।
- गुना में कल ''भविष्य से भेंट'' के तहत जिले के कलेक्टर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों एवं प्रबुद्धजन सहित जिला अधिकारियों द्वारा अलग–अलग विद्यालयों में जाकर बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में दर्शन किए। डॉ. यादव महंत नृत्य गोपालदास जी के जन्मोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा है कि मध्यप्रदेश में सनातन संस्कृति के अनुकूल गौशाला संचालन, संस्कृत शिक्षण और पाठ्यपुस्तकों में श्रद्धा के प्रतीक महापुरूषों और संतों की जीवनियाँ शामिल करने की पहल की गई है।

———————————————————